न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रायपुर जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारीः—श्री सुन्दरलाल बम्बोडा, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः—72/19 (2019/00189) वादपत्र

अनवान

1. गेहरीलाल आत्मज सालग गुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. भागीरथ आत्मज सालग गुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. राजु आत्मज सालग गुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. गंगा बेवा सालगगुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

वादीगण

बनाम

1. दामा आत्मज भज्जा गुजर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

प्रतीवादीगण

वाद पत्र अंतर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

1. फारूख मोहम्मद — अधिवक्ता वादीगण
2. हरिश टेलर — अधिवक्ता प्रतिवादीगण

निर्णय

दिनांक 03.11.2020

पत्रावली आज पेश हुई। प्रकरण का सक्षेप मे विवरण इस प्रकार है कि इस न्यायालय के पुर्व आदेश दिनांक 24.12.2019 के द्वारा वादी का वाद स्वीकार किया जाकर ग्राम डागड़ा तहसील रायपुर के बैरून हल्का आबादी में वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 1 के सयुंक्त खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 431/249 रकबा 1.975 है0 भूमिमें वादीगण का 1/2 हिस्सा एवं प्रतिवादी संख्या 1 का 1/2 हिस्से का विभाजन कब्जे को प्राथमिकता देते हुए बाई मीट्स एण्ड बोड्स के आधार पर स्वंत्रत राजस्व खाता रेवेन्यु रेकार्ड मे खोल जाने हेतु प्राथमिक डिक्री जारी की गई एव तहसीलदार रायपुर से विभाजन प्रस्ताव तैयार कर पेश करने का आदेश दिया गया था।

तहसीलदार रायपुर द्वारा दिनांक 20.10.2020 को विभाजन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसे शामिल पत्रावली किया गया तथा प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव का जारी डिक्री एवं रेकार्ड आफ राईट्स जमाबन्दी से मिलान किया गया और उभयपक्ष अधिवक्ता को प्रस्ताव अवलोकन कराया जिस पर वादी अधिवक्ता विभाजन प्रस्ताव से सहमत है। उपरोक्त विवरण अनुसार प्राथमिक डिक्री की पालना में प्रस्तुत विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

आदेश

अतः वादीगण का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर अंतिम डिक्री वादी के पक्ष मे विरूद्ध प्रतिवादीगण इस आशय की जारी की जाती है कि ग्राम डागड़ा तहसील रायपुर के बैरून हल्का आबादी मे प्रस्तावित आराजी संख्या 431/249/2 रकबा 0.94 है0 भूमि दामा पिता भज्जा गुर्जर सा. देह खातेदार तथा प्रस्तावित आराजी संख्या 431/249/3 रकबा 0.95 है0 भूमि गेहरीलाल, भागीरथ, राजु, पिता सालग गंगा बेवा सालग गुजर सा. देह खातेदार एवं प्रस्तावित आराजी संख्या 431/249/1 रकबा 0.085 है0 भूमि शामलाती बदस्तुतर रखते हुए रेकार्ड कायम किया जावे। तदनुसार डिक्री जारी हो। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें।

निर्णय आज दिनांक 03.11.2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

3/11/2020

(सुन्दरलाल बम्बोडा)

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी)

रायपुर जिला भीलवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Sundar Lal Bamboda
Date: 2020.12.21 13:53:09 IST
Reason: SelfAttested

मूल वाद मे अन्तिम डिक्री

(आदेश 20 रूल्स 6–7 जाब्ता दिवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रायपुर, भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारीः–श्री सुन्दरलाल बम्बोडा, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बरः–72 / 19 (2019 / 00189) वादपत्र

अनवान

1. गेहरीलाल आत्मज सालग गुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. भागीरथ आत्मज सालग गुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
3. राजु आत्मज सालग गुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
4. गंगा बेवा सालगगुर्जर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

वादीगण

बनाम

1. दामा आत्मज भज्जा गुजर निवासी डागड़ा, तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार रायपुर तहसील रायपुर जिला भीलवाड़ा

प्रतीवादीगण

वाद पत्र अंतर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

यह मुकदमा वास्त इन फिसान कतई रूबरू हमारे बहाजरी वादीगण का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर अंतिम डिक्री वादीगण के पक्ष मे विरूद्ध प्रतिवादीगण इस आशय की जारी की जाती है कि ग्राम डागड़ा तहसील रायपुर के बैरून हल्का आबादी मे प्रस्तावित आराजी संख्या 431 / 249 / 2 रकबा 0.94 है0 भूमि दामा पिता भज्जा गुर्जर सा. देह खातेदार तथा प्रस्तावित आराजी संख्या 431 / 249 / 3 रकबा 0.95 है0 भूमि गेहरीलाल, भागीरथ, राजु, पिता सालग गंगा बेवा सालग गुजर सा. देह खातेदार एवं प्रस्तावित आराजी संख्या 431 / 249 / 1 रकबा 0.085 है0 भूमि शामलाती बदस्तुतर रखते हुए रेकार्ड कायम किया जावे।

वाद में डिक्री आज दिनांक 03.11.2020 को न्यायालय मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

3/11/2020

(सुन्दरलाल बम्बोडा)

सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी)

रायपुर जिला भीलवाड़ा

सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी)

रायपुर (भीलवाड़ा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sundar Lal Bamboda

Date: 2020.12.21 13:53:09 IST

Reason: SelfAttested